Seat No. : _______________

# AR-103(H)

**April-2022**

## B.Com., Sem.-IV

## CE-203 (A) : Advance Accounting & Auditing
## (Cost Accountancy-II)

**Time : 2 Hours]** **[Max. Marks : 50**

**(Hindi Version)**

**विभाग-I**

नीचे दिए गए प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए : **40**

1. श्री धवलभाई एक बस के मालिक हैं । यह बस महीने में 30 दिन चलती है, जिसकी जानकारी निम्नानुसार हैं : **20**

(i) अहमदाबाद से राजकोट एवं उसी रास्ते से वापस :

| | |
|---|---|
| एक तरफा दूरी | 200 कि.मी. |
| महीनें के दिन | 10 |
| भरी हुई सीटों की क्षमता | 80% |

(ii) अहमदाबाद से लींबडी एवं उसी रास्ते से वापस :

| | |
|---|---|
| एक तरफा दूरी | 100 कि.मी. |
| महीनें के दिन | 10 |
| भरी हुई सीटों की क्षमता | 80% |

(iii) अहमदाबाद स्थानिक शहर में :

| | |
|---|---|
| प्रतिदिन तय की गई दूरी : | 120 कि.मी. |
| महीने के दीन | 10 |
| भरी हुई सीटों की क्षमता | 100% |

(iv) अतिरिक्त जानकारी :

| | |
|---|---|
| बस की मूल कीमत | ₹ 60,00,000 |
| मूल्यह्रास – वार्षिक | 18% |
| ड्राइवर का वेतन – मासिक | ₹ 60,000 |
| कन्डक्टर का वेतन – मासिक | ₹ 30,000 |
| अन्य प्रशासकीय खर्चे – मासिक | ₹ 1,20,000 |
| बीमा प्रीमियम – वार्षिक | 6% |
| रोड टेक्स (कर) – वार्षिक | ₹ 7,20,000 |
| मरम्मत एवं रखरखाव – वार्षिक | ₹ 60,000 |
| डीजल की खपत | 18 कि.मी. प्रति लीटर |
| प्रति लीटर डीजल की कीमत | ₹ 300 |
| स्नेहक तेल – मासिक | ₹ 30,000 |

(v) बस की कुल क्षमता 50 व्यक्तियों की है ।

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, यदि वह भाड़े पर $66\frac{2}{3}\%$ लाभ प्राप्त करना चाहता हो, तो प्रति किलोमीटर यात्री भाड़ा ज्ञात करो ।

अहमदाबाद से राजकोट एवं अहमदाबाद से लींबडी का यात्री भाड़ा ज्ञात करो ।

2. ईशान्वी कंपनी लिमिटेड ने वर्ष 2021 के दौरान संपूर्ण उत्पादन ₹ 9,60,000 में बेच दिया था ।
कम्पनी की प्रति इकाई लागत निम्नानुसार थी **20**

| **विवरण** | **प्रति इकाई लागत (₹)** |
|---|---|
| प्रत्यक्ष मालसामग्री | 160 |
| प्रत्यक्ष मजदूरी | 120 |
| प्रत्यक्ष खर्च | 40 |
| फैक्टरी के परोक्ष खर्चे :<br>स्थिर<br>अस्थिर | <br>16<br>24 |
| ऑफिस के शिरोपरी खर्च (स्थिर) | 40 |
| बिक्री के शिरोपरी खर्च :<br>स्थिर<br>अस्थिर | <br>24<br>16 |
| योग | 440 |
| लाभ | + 40 |
| बिक्री कीमत | 480 |

कंपनी की वार्षिक उत्पादन क्षमता का 80% उत्पादन वर्ष 2021 में किया गया था, जबकि वर्ष 2022 के लिए अंदाज निम्नानुसार है :

(1) कंपनी उत्पादन क्षमता की पूर्ण क्षमता (100%) जितना उत्पादन करेगी; जिसमें से 80% इकाइयों की बिक्री होगी ।
(2) सभी अस्थिर खर्चों में 20% की वृद्धि होगी, जबकि सभी स्थिर खर्चों में 25% की वृद्धि होगी ।
(3) लागत पर लाभ की दर पिछले वर्ष के समान ही रखी गई है ।

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर, वर्ष 2022 के लिए अंदाजित लाभ एवं कुल लागत दर्शाने वाला विवरण (पत्रक) तैयार कीजिए ।

3. उमिया ओटोमोबाईल्स कंपनी की वर्ष 2021 की जानकारी निम्नानुसार है :
वित्तीय लेखांकन के अनुसार लाभ ₹ 2,00,000;
लागत लेखांकन के अनुसार लाभ ₹ 2,00,000
नीचे दी गई जानकारी के आधार पर दोनों लाभों के बीच समाधान पत्रक (रीकन्सीलेशन स्टेटमेन्ट) तैयार कीजिए : **20**

| | | ₹ |
|---|---|---|
| (1) | लागत लेखा में प्रशासकीय खर्चों का अति अवशोषण | 60,000 |
| (2) | लागत लेखा में अंकित मूल्यह्रास | 30,000 |
| (3) | वित्तीय लेखा में उधार की गई मूल्यह्रास | 20,000 |
| (4) | लागत लेखा में फैक्टरी खर्चो का अल्प अवशोषण | 10,000 |
| (5) | निवेश पर ब्याज | 22,000 |
| (6) | आयकर के लिए प्रावधान | 42,000 |
| (7) | प्लान्ट की बिक्री पर नुकसान | 16,000 |
| (8) | वित्तीय लेखा में अंकित प्राप्त बट्टा | 6,000 |
| (9) | वित्तीय लेखा में उधार किया गया डिबेन्चर ब्याज | 30,000 |

4. (A) किशोरी कन्स्ट्रक्शन कंपनी ने ता. 01-04-2021 के दिन इंजीनियरींग कॉलेज की इमारत बनाने के लिए करार स्वीकार किया । करार की कीमत ₹ 70,00,000 तय की गई । करार की जानकारियाँ निम्नानुसार हैं : **10**

| **विवरण** | **ता. 1.4.2021 से 31.3. 2022 तक का वास्तविक खर्च** | **ता. 1.4.2022 से 31.12.2022 तक अंदाजित खर्च** |
|---|---|---|
| माल–सामग्री | 12,00,000 | 22,00,000 |
| प्रदत्त मजदूरी | 8,00,000 | 10,00,000 |
| अदत्त मजदूरी | 80,000 | 1,20,000 |
| प्लान्ट की खरीदी | 6,00,000 | – |
| प्रदत्त खर्चे | 3,00,000 | 6,00,000 |
| पूर्वदत्त खर्चे | 60,000 | – |
| स्टोर्स में वापस किया प्लान्ट (अंत में एवं मूल कीमत पर) | 2,00,000 | 4,00,000 |
| हस्तगत पर माल–सामग्री | 80,000 | 2,00,000 |
| प्रमाणित कार्य | 32,00,000 | 70,00,000 |
| अप्रमाणित कार्य | 1,00,000 | – |
| प्राप्त नकद | 24,00,000 | (पूरा) |

प्लान्ट पर 20% की दर से घटती शेष पद्धति के अनुसार मूल्यह्रास गिनना है । यह अंदाजित हैं कि करार ता. 31.12.2022 के दिन पूर्ण होने वाला है ।

आपको ता. 31.12.2022 के दिन पूर्ण होते वर्ष के लिए करार खाता बनाना है तथा अंदाजित लाभ ज्ञात करना है ।

(B) नीचे दी गई जानकारी एक इंजीनियरींग फैक्टरी के हिसाबो में से कार्य सं. 999 के संदर्भ के लिए ली गई है : **10**

मालसामग्री : ₹ 80,000

मजदूरी :

विभाग-A : 100 घंटे (प्रति घंटा ₹ 10)

विभाग-B : 60 घंटे (प्रति घंटा ₹ 10)

विभाग-C : 40 घंटे (प्रति घंटा ₹ 10)

अंदाजित अस्थिर शिरोपरी खर्चे :

विभाग-A : ₹ 50,000 (10,000 घंटे)

विभाग-B : ₹ 15,000 (3,000 घंटे)

विभाग-C : ₹ 25,000 (5,000 घंटे)

स्थिर शिरोपरी खर्चे : 10,000 सामान्य घंटों के लिए अंदाजित ₹ 2,40,000

कार्य सं. 999 की कुल लागत ज्ञात कीजिए ।

## विभाग-II

5. निम्न में से किन्हीं **पाँच (5)** के उत्तर दीजिए : **10**

नीचे दिए गए वैकल्पिक प्रश्नों में एक से अधिक उत्तर दिए गए है । उनमें से मात्र एक उत्तर सही है । सही उत्तर पसंद कीजिए :

(1) संचालन लागत किस पर लागू नहीं पड़ती ?
- (a) गुजरात राज्य परिवहन निगम
- (b) होटल मेरीओट
- (c) वाडीलाल साराभाई हॉस्पिटल
- (d) ओईल एवं नेचुरल गेस कॉर्पोरेशन

(2) संचालन लागत के लिए स्थिर खर्च नहीं है
- (a) कंडक्टर का वेतन
- (b) ऑफिस का किराया
- (c) म्युनिसिपल कर
- (d) पेट्रोल

(3) निम्न में से किसका समावेश सेवा उद्योग में नहीं होता है ?
- (a) थियेटर
- (b) रेलवे
- (c) होटल
- (d) प्रकाशन सेवा

(4) एक लागत पत्र में, आयकर तथा दान निम्न में से किस खर्चे के अंदर शामिल किए जाते हैं ?
- (a) फैक्टरी खर्च
- (b) बिक्री खर्च
- (c) प्रशासकीय खर्च
- (d) इनमें से कोई नहीं

(5) ड्रोईंग ऑफिस का वेतन किस खर्च में सम्मिलित किया जाता है ?
- (a) मजदूरी खर्च
- (b) बिक्री खर्च
- (c) प्रशासकीय खर्च
- (d) फैक्टरी खर्च

(6) कानूनी खर्च लागत पत्रक में _______ दर्शाया जाता है ।
- (a) फैक्टरी खर्च के रूप में
- (b) प्रत्यक्ष खर्च के रूप में
- (c) वितरण खर्च के रूप में
- (d) कार्यालय खर्च के रूप में

(7) वित्तीय लेखांकन में अंकित न किए जाने वाला खर्च
- (a) ऑफिस वेतन
- (b) बैंक ब्याज
- (c) स्वयं के घर का किराया
- (d) कमीशन

(8) अपलिखित ख्याति को अंकित (रिकोर्ड) किया जाता है केवल
- (a) लागत लेखा में
- (b) वित्तीय एवं लागत लेखा दोनों में
- (c) वित्तीय लेखा में
- (d) इनमें से कोई नहीं

(9) लाभ-हानि खाते में अंकित की गई परंतु लागत खाते में अंकित न की गई रकम
- (a) ऑफिस खर्चे
- (b) फैक्टरी खर्चे
- (c) प्राथमिक खर्चे
- (d) बिक्री खर्चे

(10) दवा बनाने के व्यापर में किस लागत-निर्धारण पद्धति का उपयोग होता है ?
- (a) करार लागत-निर्धारण पद्धति
- (b) कार्य (जॉब) लागत-निर्धारण पद्धति
- (c) बेच (जत्था) लागत-निर्धारण पद्धति
- (d) इकाई लागत-निर्धारण पद्धति

(11) लागत प्लस करार (कोस्ट प्लस कोन्ट्रेक्ट) अर्थात् –
- (a) करार कीमत पहले से ही निश्चित होती है ।
- (b) करार कीमत अपने आप बढ़ती है ।
- (c) करार का खर्च + कुछ प्रतिशत लाभ चढ़ाना
- (d) करार कीमत में कोई बदलाव नहीं होता ।

(12) करार लागत-निर्धारण पद्धति का उपयोग अधिकांशतः किसमें होता है ?
- (a) कार्य (जॉब)
- (b) सेवा
- (c) निर्माण कार्य (कन्स्ट्रक्शन)
- (d) बेच (जत्था)